<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–29.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– सत्ता में आते ही चुनाव पूर्व किए गए वादों को पूरा कर रही है राज्य सरकार, राज्य की हर मइयां के खाते में हर महीने जाते रहेंगे ढाई हजार रुपए।
3. राज्य सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष के बजट के लिए आम लोगों से भी राय लेने का किया फैसला, अगले सप्ताह से ऑनलाइन पोर्टल के जरिए बजट पर मांगे जाएंगे सुझाव।
4. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी द्वारा जल्द होगी लेखा सहायक के 384 पदों पर नियुक्ति, राज्यपाल ने सेवा शर्त नियमावली को दी मंजूरी।
5. इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में आज शाम साढ़े सात बजे से होगा जमशेदपुर फुटबॉल क्लब और केरला ब्लास्टर्स के बीच मुकाबला।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सत्ता में आते ही चुनाव पूर्व किए गए वादों को राज्य सरकार पूरा कर रही है। श्री सोरेन ने रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मइयां सम्मान योजना के तहत इस महीने से महिलाओं के खाते में ढाई हजार रुपए जाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की हर मइयां के खाते में हर महीने पचीस सौ रुपए हमेशा जाते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार एक–एक कर अपने सभी वादे पूरा करेगी।

*******************

राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजट के लिए आम लोगों से भी राय लेने का फैसला किया है। अगले सप्ताह से ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आम लोगों से बजट पर सुझाव मांगे जाएंगे। इससे पहले १५ जनवरी से बजट पर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बैठक आयोजित होगी। विशेषज्ञों के साथ बैठक में आम लोगों से मिली सलाह के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की जाएगी। राज्य सरकार इस बार बजट में नयापन लाने की कोशिश कर रही है, जिसे मार्च के पहले सप्ताह में विधानसभा में पेश किया जाएगा।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर लेखा सहायक के 384 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसमें वरीय लेखा सहायक के 217 और लेखा अधीक्षक के 70 पद भी शामिल होंगे। इसके लिए न्यूनतम योग्यता इंटर स्तर तथा कंप्यूटर ज्ञान आवश्यक है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड वित्त अवर लेखा सेवा भर्ती, प्रोन्नति और अन्य सेवा शर्त नियमावली को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के बाद वित्त विभाग ने इसका गजट प्रकाशन भी कर दिया है। जल्द ही आयोग की ओर से विज्ञापन का प्रकाशन

किया जाएगा। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों को हिंदी टंकन 25 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकन 30 शब्द प्रति मिनट आना चाहिए। नियुक्ति के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष होगी, जिसके बाद दस महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

*******************

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस बार महाकुंभ मेले का आयोजन 13 जनवरी से हो रहा है। महाकुंभ के बारे में बात करते हुए झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि इस महाकुंभ की अपनी खासियत है और कुंभ स्नान का विशेष महत्व है।

*******************

साहिबगंज जिले में पशुपालन के जरिए जीविकोपार्जन में लगे हुए किसानों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के जरिए लाभ पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। और अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने बताया कि इन अपराधियों के पास से 20 मोबाइल सेट, 29 फर्जी सिमकार्ड, दो आधार और तीन एटीएम कार्ड समेत एक लाख 14 हजार रुपए नकद बरामद हुए हैं।

*******************

मौसम विभाग ने आज रांची समेत 20 जिलों में बादल छाए रहने और कल बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, रांची के अलावा बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला–खरसांवा जिलों में सुबह और शाम घना कोहरा छाया रह सकता है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इन जगहों पर कल हल्की बारिश भी हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी।

*******************

इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में आज जमशेदपुर फुटबॉल क्लब का मुकाबला केरला ब्लास्टर्स से होगा। यह मैच जमशेदपुर में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। कल हैदराबाद में ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब और हैदराबाद फुटबॉल क्लब के बीच मैच एक–एक से ड्रॉ रहा।

*******************

नयी दिल्ली में चल रहे राष्ट्रीय लॉन बॉल प्रतियोगिता में झारखंड की विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कल महिला टीम ने पंजाब को 60 –शून्य से हरा दिया। वहीं, पुरुष टीम ने मणिपुर को 36–छह से हराकर मैच जीत लिया। इधर, बालिका अंडर 25 में झारखंड ने मध्यप्रदेश को 29–3 से हराया। पुरुष ट्रिपल में झारखंड की टीम ने चंडीगढ़ को 23–5 से हरा दिया।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार की खबर को तस्वीरों के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक जागरण ने अपने मुख्य पृष्ट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हवाले से लिखा है–निगम बोध घाट पर अंत्येष्टि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अनादर, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा–निधन पर सस्ती राजनीति कर रही कांग्रेस।
हिंदुस्तान की लीड खबर है–राज्य की बालिकाओं को कैंसर रोधी टीका लगाएगी सरकार।
दैनिक भास्कर लिखता है–झारखंड में आधार कार्ड बनवाने में हो रही फर्जीवाड़ा, बच्चों के बन रहे दो–दो कार्ड।

प्रभात खबर की हेडलाइन है—हर जिले में खुल गए करोड़ों के मॉडल कॉलेज पर न शिक्षक हैं और न विद्यार्थी।
अंग्रेजी अखबार संडे टाईम्स ने हजारीबाग जिले के सदर अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीएम अशोक कुमार की पत्नी की जलकर मौत हो जाने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित की है।
हिंदुस्तान टाइम्स की खबर है—धनबाद रेलवे स्टेशन से मुक्त कराए गए दस नाबालिक, मानव तस्करी के लिए भेजा जा रहा था तमिलनाडु।

********समाप्त********